दिनांक 16.01.2019

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

साढ़े 5 करोड़ से बनाएंगी दो पानी टंकी, आज विधायक देवेंद्र करेंगे भूमि पूजन

खम्हरिया और कुरूद क्षेत्र के 2 लाख लोगों को मिलेगा पानी

पानी की समस्या दूर करने के लिए विधायक ने की पहल

साढ़े 5 करोड़ से बनाएंगे दो पानी टंकी

विधायक देवेंद्र यादव आज करेंगे भूमिपूजन

भिलाईनगर/ वार्ड 1 जुनवानी के खम्हरिया भाठा और वार्ड कुरूद में नई पानी टंकी का निर्माण किया जाना है। गुरूवार की सुबह इस निर्माण कार्य का भूमिपूजन कार्यक्रम का आयोजन खम्हरिया में किया गया है। कार्यक्रम के भिलाई नगर विधायक व महापौर देवेंद्र यादव वैशाली नगर के विधायक विद्यारतन भसीन रहेंगे। पानी टंकी निर्माण कार्य का पूरे विधिविधान से पूजा अर्चना कर भूमि पूजन करेंगे। इस भूमिपूजन कार्यक्रम में निगम के अधिकारी भी उपस्थित होंगे। निगम के अधिकारियों ने बताया कि इस दो पानी टंकी के निर्माण करने से करीब 2 लाख लोगों को पानी की समस्या से राहत मिलेगी। वर्तमान समय में इन क्षेत्रों में पानी की समस्या है। विधायक व मेयर देवेंद्र यादव लगातार जनता के हित व विकास के लिए काम कर रहे हैं। वार्डों में जाकर लोगों से उनकी समस्याएं सुन रहे और समस्याओं को दूर कर रहे हैं।

जुनवानी और कुरूद की जनता लंबे समय से पानी की समस्या को दूर करने की मांग कर रही है। उनकी मांग को पूरा करने के लिए और लोगों को राहत देने के लिए अमृत मिशन फेस 2 योजना के तहत पानी टंकी निर्माण का काम भूमिपूजन के बाद शुरू किया जाएगा। निर्माण कार्य शुरू करने के लिए कंसलटेंट कंपनी को वर्क आर्डर जारी कर दिया गया है। दोनों उच्चस्तरीय जलागारों की क्षमता 32 लाख लीटर होगी और निर्माण कार्य एक वर्ष में पूरा किया जाना प्रस्तावित है। इन जलागारों की ऊचांई 22 मीटर होगी तथा इनसे जुड़े हुए पाईप लाईन की लम्बाई 6.606 किलोमीटर होगी, इन जलागारों से 2 लाख से अधिक आबादी को पेयजल की आपूर्ति की जा सकेगी। इन जलागारों को जलस्त्रोत से
जोड़ने के लिए लगभग 4.85 किलोमीटर पाईप लाईन बिछाई जायेगी। इनकी लागत 5 करोड़ 83 लाख लगभग होगी।

जनसम्पर्क अधिकारी